हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

04 सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी है सम्मान की श्रृंखला



07 टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का प्रदर्शन, घेरा कलेक्ट्रेट





## खबर संक्षेप

### प्रदीप राजौरिया भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सागर से प्रदीप राजौरिया को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। राजौरिया राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से द्वितीय वर्ष शिक्षित हैं और भाजपा में लगभग तीन दशक से सक्रिय भूमिका में विभिन्न दायित्वों पर रहकर कार्य करते आ रहे हैं। राजौरिया लगभग बीस साल से भाजपा मीडिया विभाग में सफलतापूर्वक विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं। राजौरिया की संगठन क्षमता एवं मीडिया प्रबंधन की कुशलता को देखते हुए, भाजपा प्रदेश संगठन ने उन्हें भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बनाकर विश्वास जताया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी प्रदीप राजौरिया ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को मैं पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाऊंगा। मेरी प्राथमिकता पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करूंगा।

### जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए विशेष शिविर लगेंगे

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को निर्देश दिए कि जिले के विभिन्न अनुभागों के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र आवेदकों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु 06 से 30 अप्रैल की अवधि में विशेष शिविर आयोजित कर उक्त श्रेणियों के पात्र आवेदकों के जाति प्रमाण पत्र बनाया जाना सुनिश्चित करें।

### 09 से 23 तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण पखवाड़ा का आयोजन होगा

**सागर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 9 से 23 अप्रैल तक दो सप्ताह का पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। मातृ एवं शिशु पोषण, जन्म से 3 वर्ष तक मस्तिष्क विकास और 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। परियोजना अधिकारी विजय कुमार जैन ने बताया कार्यक्रम के तहत परिवार ओर समुदाय की भूमिका को मजबूत करने, स्क्रीन टाइम कम करने और सशक्त आंगनबाड़ी निर्माण जैसे विषयों पर गतिविधियां होंगी। पखवाड़े को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए रैलियां, पोषण पर चर्चा, दादी-नानी की जुबानी कार्यक्रम और खिलौना निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी।

महिला बाल विकास विभाग की कलेक्टर ने बिंदुवार की समीक्षा, अधिकारियों को जारी किए दिशा निर्देश

## महिला बाल विकास अधिकारी एक-एक आंगनवाड़ी केंद्र को गोद लेकर सर्वसुविधा उपलब्ध कराएं : कलेक्टर संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास में आंगनवाड़ी केंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका होती है एवं सभी 2633 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पानी, बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करे साथ ही अजीमजी प्रेमजी फाउंडेशन आंगनवाड़ी में लक्ष्य बनाकर कार्य करें, महिला बाल विकास अधिकारी एक एक आंगनवाड़ी केन्द्र को गोद लेकर सर्व सुविधा उपलब्ध कराएं। उक्त निर्देश कलेक्टर ने महिला बालविकास विभाग की बिंदुवार की समीक्षा करते हुए दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, डीपीओ भरत सिंह राजपूत सहित सभी सीडीपीओ सुपरवाइजर आंगन वाड़ी कार्यकर्ता, बिजली विभाग, पीएचई, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केन्द्र संचालन समय 9 बजे के पूर्व सुबह 8:30 तक सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका केन्द्र पर उपस्थित रहें एवं केन्द्र की व्यवस्थाए सुनिश्चित कराएं। इसी प्रकार विभाग के सुपरवाईजर एवं सीडीपीओ



को आंगनवाड़ी केन्द्रवार रोस्टर तैयार करें जिसमें अलग-अलग दिन में अलग-अलग केन्द्र पर जाकर केन्द्र की मॉनीटरिंग करें। उन्होंने निर्देश दिए कि केन्द्र पर वितरित होने वाले भोजन एवं नाश्ता का समय में पर्याप्त अंतर रखा जावे एवं पोषण युक्त खाद्य सामग्री वितरित की जावे। उन्होंने कहा कि किराये के भवन में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में पानी, बिजली, शौंचालय विशेष रूप से रहे न, रहने की स्थिति में तत्काल बदला जावे। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केन्द्रों को निर्माण के समय स्वयं उपस्थित रहकर गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य कराएं। उन्होंने पीएचई एवं जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अंदर जिले की सभी 2633 अंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराएं। इसी प्रकार विद्युत मंडल के अधिकारी सभी विद्यालयों में बिजली कनेक्शन सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि सभी विकासखंडों के आंगनवाड़ी केन्द्रों पर समूह बनाकर आधार कार्ड एवं जाति प्रमाणपत्र बनाने के लिए शिविर का आयोजन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों को पुनः परीक्षण करने के लिए एक विशेष टीम बनाई जावे जोकि एक माह में परीक्षण करेगी। उन्होंने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को निर्देशित किया कि लक्ष्य बनाकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें एवं कार्यकर्ता सहायिकाओं को जागरुक करने के लिए सेमिनार का आयोजन करें। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रेकर के माध्यम से लगातार मॉनीटरिंग की जावे। अपार आईडी बनाने के लिए अविभावकों को आमंत्रित कर जानकारी प्रदान करें एवं अपार आईडी बनवावें। उन्होंने निर्देशित किया कि गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराएं। कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में उपचार हेतु भर्ती कराएं एवं लगातार मॉनीटरिंग करें।



## नगर पालिका, नगर परिषद अध्यक्ष संघ की प्रदेश अध्यक्ष बनीं नेहा जैन

**देवरीकलां।** नगर पालिका परिषद देवरी की अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन को सर्व सम्मति से मध्यप्रदेश नगर पालिका नगर परिषद अध्यक्ष संघ के महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। संघ की मंगलवार को भोपाल में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में संघ की गतिविधियों एवं संगठन सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्व सम्मति से संघ के महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पद पर नेहा अलकेश जैन की नियुक्ति की घोषणा की गई। बैठक में नगर पालिका, नगर परिषद अध्यक्ष संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष सुंदर लाल विश्वकर्मा, प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव, प्रदेश महामंत्री चंद्र मोहन राठौर, प्रदेश संयोजक अशोक श्रीवास्तव, छपारा नगर पालिका अध्यक्ष निशा पटेल, नगर परिषद पृथ्वीपुर अध्यक्ष नीलू खटीक, नगर पालिका चित्रकूट अध्यक्ष साधना पटेल सहित अन्य नगर पालिका, नगर परिषद अध्यक्ष उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नेहा अलकेश जैन ने सभी का आभार मानते हुए संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निष्ठा से निर्वाहन करने एवं सदस्यों के अधिकार एवं उनके निकायों में विकास में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया है।



## युवक का पेड़ पर लटका मिला शवः पड़ोसी से विवाद के बाद कल शाम से था लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई देहात थाना क्षेत्र के गढौला जागीर गांव में एक युवक का शव बुधवार को पठार पर स्थित एक पेड़ से लटका मिला।परिजनों ने पड़ोसी से विवाद के बाद युवक के लापता होने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान सोनू पिता मोतीलाल साहू निवासी गढौला जागीर के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार शाम से सोनू घर से लापता था। उसकी तलाश के दौरान किसी ने सूचना दी कि पास के पठार पर स्थित खिन्नी के पेड़ पर उसका शव लटका हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन और देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को फंदे से उतारा। इसके बाद शव को नगर पालिका के शांति वाहन से पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार, सोनू की शादी करीब एक साल पहले हुई थी। उसकी पत्नी गर्भवती है और दो महीने बाद ही बच्चे का जन्म होने वाला था। मृतक सोनू साहू के बड़े भाई जुगल साहू ने आरोप लगाया कि मंगलवार को सोनू की पत्नी और पड़ोसी की महिलाओं के बीच विवाद हुआ था। इस विवाद में सोनू भी शामिल था। विवाद के बाद सोनू घर छोड़कर चला गया था। जुगल साहू का कहना है कि इसी विवाद के कारण सोनू ने अपनी जान दे दी।

सिविल अस्पताल में भर्ती घायल कुसुम रानी ने बताया कि मंगलवार रात को पड़ोसी जयकुमार साहू, उसकी पत्नी और मां उनके घर आकर विवाद करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुसुम रानी की बहू उर्मिला उनके बेटे को फंसा रही है। इस बात से इनकार करने पर साहू परिवार ने उन पर हमला कर दिया, जिससे कुसुम रानी और एक अन्य महिला घायल हो गईं। खुरई देहात थाना प्रभारी संतोष सिंह ठाकुर ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर लिया गया है। परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सिंगर नीरज श्रीधर के हिट गीतों और रंगारंग आतिश बाजी से डोहेला महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

बांबे वाइकिंग बेंड के राक एंड पाप फ्यूजन के लिए मशहूर गायक, प्लेबैक सिंगर नीरज श्रीधर के गीतों से सजी शाम और भव्य आतिश बाजी के साथ खुरई डोहेला महोत्सव -2026 का समापन हो गया। युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने डोहेला महोत्सव के मंच से अपने संबोधन में कहा कि पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने हमें डोहेला मंच की ऐसी समृद्ध परंपरा दी है कि अब सागर जिले के लोगों को कुमार शानू, सोनू निगम, अलका याग्निक, उदित नारायण,कैलाश खेर और नीरज श्रीधर जैसे आर्टिस्टों के लाइव कांसर्ट देखने मुंबई जाकर टिकट खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती, मुंबई फिल्म इंडस्ट्री स्वयं खुरई के डोहेला महोत्सव में आ जाती है।

अविराज सिंह ने कहा कि हमारी खुरई की शान डोहेला महोत्सव-2026 का आज तीसरा और समापन दिवस है। हम सभी ने पहले दिन कैलाश खेर को सुना, कल अकासा को सुना, दोनों दिन लोग उत्सव, उमंग और खुशी से भरे हुये थे। आज हम सभी नीरज श्रीधर को सुनेंगे जो देश के जाने माने गायक हैं। उनके सुप्रसिद्ध गाने प्रेम की नैय्या (अजब प्रेम की गजब कहानी),लव मेरा हिट हिट (बिल्लू), ट्विस्ट (लव आज कल), तुम मिले (रोमांटिक क्लासिक),भूल भुलैया (टाइटल ट्रैक),वे हिट गाने हैं जो हमें लाइव सुनने को मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि समापन के अवसर पर मैं आप सभी का हृदय से धन्यवाद करता हूॅ। 11 वर्षों में यहां आए सभी प्रसिद्ध कलाकारों ने खुरई की व्यवस्थाओं की, डोहेला किला की, खुरई की जनता के अनुशासन की तारीफ की है, ये हम सभी के लिए गौरव की बात है। आज पूरे फिल्म इंडस्ट्री में लोग खुरई को जानते है, कई कलाकार जो खुरई महोत्सव में आए और फिर उनके कैरियर ने और ज्यादा ऊॅचाइयां छूई हैं।अविराज सिंह ने खुरई डोहेला महोत्सव की व्यवस्थाओं में लगे हुये सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सभी पत्रकारों, मीडिया कर्मियों के साथ सोशल मीडिया के लाखों साथियों का भी हृदय से धन्यवाद ज्ञापित जिन्होंने खुरई डोहेला महोत्सव को पूरे देश में पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष 2027 में इसी भव्यता के साथ डोहेला महोत्सव में हम सभी शामिल होंगे।



## खुरई शा. अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास भवन को 5 करोड़ की स्वीकृति

**खुरई।** मप्र शासन के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की अनुशंसा पर खुरई में 50 सीटर शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास के भवन निर्माण हेतु 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह को पत्र भेज कर इस आशय की जानकारी दी है। मंत्री नागर सिंह चौहान द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि आपके द्वारा विधानसभा क्षेत्र खुरई में 50 सीटर शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास खुरई हेतु भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदाय किए जाने हेतु अनुशंसा की गई थी। आपकी अनुशंसा के आधार पर उक्त छात्रावास के भवन-निर्माण की स्वीकृति विभाग के आदेश दिनांक 16 मार्च 2026 के द्वारा प्रदाय कर दी गई है। इस आदेश के अनुसार इस छात्रावास हेतु 499.78 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने इस छात्रावास के भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि इस छात्रावास का भवन निर्माण होने से अनुसूचित जाति वर्ग के अभावग्रस्त विद्यार्थियों को अध्ययन कार्य में बड़ी सुविधा उपलब्ध होगी।

### मालथौन ब्लॉक में 4 नवीन आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत

मप्र शासन के महिला बाल विकास विभाग द्वारा खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन विकासखण्ड के 4 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित आंगन बाड़ी केंद्रों के नवीन भवन निर्माण हेतु 44.88 लाख की राशि स्वीकृत की है। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए नवीन भवन स्वीकृत हुए हैं उनमें मालथौन विकासखण्ड की ग्राम पंचायत खिरिया कलां स्थित ग्राम बम्होरी लाल आंगनबाड़ी केंद्र, बनखिरिया ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम चौका आंगनबाड़ी केंद्र, गीला ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम अड़ुआ आंगनबाड़ी केंद्र तथा मालथौन 2 अंतर्गत झाडिया आंगनबाड़ी केंद्र शामिल हैं। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र 11.22 लाख की राशि से विभाग द्वारा निर्धारित ड्राइंग डिजाइन के आधार पर निर्मित होगा।

## खुरई में कुत्ता भौंकने की शिकायत पर युवक को पीटाः मालिक को गाली देने से रोक रहा था, लोहे के पाइप से किया वार, दो पर केस

**खुरई।** जरवांस में कुत्ते के भौंकने की शिकायत करने पर एक युवक को उसके मालिक ने लोहे के पाइप और डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित के भाई की रिपोर्ट पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना खुरई शहरी थाना क्षेत्र में हुई। घायल शिवराज पिता नवनीत राम चढार ने बताया कि जयपाल सिंह और राजपाल नवनीत राम चढार ने बताया कि जयपाल सिंह और राजपाल सिंह का कुत्ता अक्सर सड़क पर निकलने वाले लोगों पर भौंकता है और उन पर हमला करता है। बीती रात जब उनके बड़े भाई दीपक चढार खेत से घर लौट रहे थे, तब कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया था। दीपक ने घर आकर पूरी घटना बताई, जिसके बाद शिवराज उलाहना देने के लिए कुत्ता मालिक के घर गए। वहां जयपाल सिंह और राजपाल सिंह ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब शिवराज ने गाली देने से मना किया, तो दोनों ने मिलकर लोहे के पाइप से उनके सिर पर हमला कर दिया और डंडे से भी वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज परिजनों ने घायल शिवराज को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। दीपक चढार की रिपोर्ट के आधार पर खुरई शहरी थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों जयपाल सिंह और राजपाल सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि यह विवाद कुत्ते के काटने और भौंकने को लेकर हुआ था। फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है।

## बुंदेली परंपरा के अनुरूप किया जाएगा जीतू पटवारी का स्वागतः जाटव

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के सागर आगमन को लेकर तैयारी बैठक आयोजित हुई जिसमें जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब के लाड़ले नेता और जनता की आवाज को बुलंद करने वाले जांबाज प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सागर आ रहें हैं। उनके अल्प प्रवास पर सभी कांग्रेसी से अनुरोध है कि गुरुवार 9 अप्रेल सुबह 11:30 मोती नगर चौराहे पर पहुंचे हम सब कांग्रेसजन बुंदेली परंपरा के अनुसार जीतू पटवारी का जोरदार स्वागत करेंगे। महेश जाटव ने कहा कि जीतू पटवारी सुबह 8:30 भोपाल से प्रस्थान कर 11:30 मोती नगर चौराहा पर कांग्रेसीयो से मुलाकात करेंगे तथा मोती नगर चौराहे पर स्वागत उपरांत दोपहर 1:30 बजे अबार धाम बड़ा मलहरा छतरपुर में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अध्यक्ष महेश जाटव ने सभी कांग्रेसी से अधिक से अधिक संख्या में 11:30 बजे मोती नगर चौराहा पर पहुंचकर जीतू पटवारी के स्वागत की अपील की है।



अतिरिक्त पुलिस के निर्देशन एवं कंट्रोल रूम टीम की सक्रियता से मिली बड़ी सफलता

## जनसुनवाई में बुजुर्ग का खोया बैग, पुलिस ने तत्परता से लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पुलिस द्वारा जनसुनवाई के दौरान एक सराहनीय एवं मानवीय संवेदनशीलता से परिपूर्ण कार्यवाही करते हुए 75 वर्षीय बुजुर्ग का महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा बैग त्वरित प्रयासों से खोजकर सुरक्षित वापस किया गया। 7 अप्रैल को पुलिस कंट्रोल रूम सागर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक 75 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति अत्यंत भावुक एवं कांपती हुई स्थिति में पहुंचे। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिन्हा एवं नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप को बताया कि वे आज सुबह 6 बजे इलाहाबाद से बस द्वारा सागर पहुंचे थे। बस स्टैंड से घर जाने के लिए ऑटो में बैठकर आ रहे थे, इसी दौरान तीन बत्ती क्षेत्र में ऑटो बदलते समय उनका बैग ऑटो में ही छूट गया, जिसमें उनके खेती संबंधी एवं बैंक के मूल दस्तावेज रखे हुए थे।



घटना की गंभीरता को समझते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा तुरंत उप निरीक्षक आरकेएस चौहान को बुलाकर आवेदन सौंपा गया एवं निर्देशित किया गया कि बुजुर्ग के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को हर संभव प्रयास कर शीघ्रता से वापस दिलाया जाये। उप निरीक्षक आर.के.एस. चौहान द्वारा मामले को प्राथमिकता देते हुए तत्काल कार्यवाही प्रारंभ की गई कंट्रोल रूम में प्रधान आरक्षक उर्मिला एवं आरक्षक रचना अहिरवार को सीसीटीवी फुटेज खंगालने हेतु लगाया गया। साथ ही विभिन्न पुलिस एवं सोशल मीडिया ग्रुप्स में बैग संबंधी सूचना प्रसारित की गई, जिससे आमजन का सहयोग प्राप्त हो सके। पुलिस की सक्रियता एवं व्यापक सूचना प्रसार का सकारात्मक परिणाम सामने आया। सूचना देखने के बाद संबंधित ऑटो चालक द्वारा स्वयं कंट्रोल रूम में संपर्क कर बताया कि बैग उसके पास सुरक्षित है, परंतु वह उस समय रतोना क्षेत्र में होने के कारण स्वयं आने में असमर्थ है।तत्काल पुलिस स्टाफ को रटौना भेजकर उक्त बैग प्राप्त किया गया एवं कंट्रोल रूम सागर लाकर बुजुर्ग को सौंपा गया। बैग में रखे सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज पूर्णतः सुरक्षित पाए गए। अपना बैग एवं दस्तावेज सुरक्षित वापस मिलने पर बुजुर्ग अत्यंत भावुक हो गए और उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर सागर पुलिस की त्वरित कार्यवाही, संवेदनशीलता एवं जनसेवा भावना की सराहना की।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### खेत में खड़ी फसल नष्ट करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इमलिया जिलौनी में एक विधवा महिला की जमीन पर जबरन कब्जा करने और उसकी मेहनत की फसल को नष्ट करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए विपक्षी दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि दबंगों के उत्पीडऩ से तंग आकर उनका पुत्र आत्महत्या जैसा कदम उठाने की कोशिश कर चुका है। तहसील पाली के ग्राम जिलौनी निवासी संजली दुलैया पत्नी कृपाल सिंह ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि वह एक विधवा महिला हैं। उनके गाटा संख्या 204 स्थित 2.50 एकड़ जमीन पर चकबंदी के बाद उन्हें कब्जा दखल दिया गया था। इस वर्ष उन्होंने खेत में मूंग की फसल बोई थी, जिसकी लागत करीब 50 हजार रुपये थी। पीड़िता का आरोप है कि 31 मार्च 2026 को गांव जमौरा निवासी कुछ दबंगों और एक अन्य व्यक्ति खेत पर आए। आरोप है कि विपक्षीगणों ने लेखपाल और कानूनगो से मिलीभगत कर बोई हुई फसल पर जरीब चलाकर उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया। जब महिला ने मौके पर मौजूद लेखपाल महेन्द्र यादव से इसका विरोध किया, तो उन्होंने प्रार्थना पत्र के अनुसार अभद्रता करते हुए वहां से भाग जाने को कहा। प्रार्थना पत्र में दी गई जानकारी के अनुसार, दबंगों द्वारा जमीन कब्जाने की नियत और फसल की बर्बादी से आहत होकर प्रार्थिनी का पुत्र पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश करने लगा। गनीमत रही कि गांव के लोगों ने उसे समय रहते पेड़ से उतार लिया, जिससे उसकी जान बच गई। महिला ने आशंका जताई है कि भविष्य में उसकी और उसके पुत्र की हत्या भी की जा सकती है।

### अभा हिंदू महासभा की जिला कार्यकारिणी गठित

**ललितपुर।** धर्म, संगठन और संत परंपरा का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला, जब अखिल भारत हिंदू महासभा की जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। पीठाधीश्वराचार्य महामंडलेश्वर स्वामी चंदेश्वरगिरी महाराज ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि संतों के मार्गदर्शन में चलने वाला संगठन समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनता है। उनके उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सोनू ताम्रकार ने संगठन की भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महासभा सनातन संस्कृति की रक्षा और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बाबा हीरानंद गिरीजी को अखिल भारत हिंदू महासभा का धर्माचार्य प्रमुख नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में अनुज सिंह ठाकुर, मयंक सेन, कृष्ण कुमार मालवीय, राघवेंद्र सिंह, गुरु नांगल, प्रकाश नारायण, अरविंद सेन, दीपक यादव, शंकर यादव, अजय सिंह यादव, अनिरुद्ध सिंह, विशाल त्यागी, कशिश राठौर सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वार्ड नं. 26 में पीने का पानी नहीं

**ललितपुर।** भाजपा पार्षद गिरिश पाठक (सोनू) ने नगर पालिका परिषद, अपर जिला अधिकारी को पत्र लिखकर वार्ड नंबर 26 में पीने के पानी की भारी समस्या की ओर ध्यान दिलाया है। पत्र में पार्षद ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में वॉर्ड 26 में पेयजल की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। कई जगहों पर टैंकर भी नहीं पहुंच पा रहा है। निवासियों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। वॉर्ड 26 में गर्मियों में पेयजल की भारी कमी हो जाती है, जिससे वार्डवासी पानी के लिए काफी दूर तक जाते हैं। गलियों में इतनी संकरी जगहें हैं कि टैंकर वहां तक नहीं पहुंच पाता, जिससे पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बंद हो जाती है। जल निगम के अधिकारियों द्वारा वार्ड 26 में पाइप लाइन डालने का आश्वासन लगभग एक वर्ष पहले दिया गया था, लेकिन आज तक काम शुरू नहीं हुआ। पार्षद ने अपर जिला अधिकारी से भीषण गर्मी को देखते तुरंत वार्ड 26 में पेयजल की उचित व्यवस्था करने का कहा।

---

### अनदेखी करने वाले निजी विद्यालयों की एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी

# चिन्हित दुकानों से शू, मोजे, किताबें व यूनिफार्म लेने को बाध्य नहीं कर सकते: जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

जनपद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरु होने के साथ ही निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों से अधिक शुल्क वसूले जाने, चिन्हित दुकानों से शू, मोजे, किताबें और यूनिफार्म आदि की अनिवार्य खरीद कराये जाने सम्बंधी अनेक शिकायतें भी प्राप्त होने लगी हैं, जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है और छात्र-छात्राओं की शिक्षा भी प्रभावित होती है। ऐसी सभी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक कर जिले के समस्त निजी/स्ववित्त पोषित विद्यालयों के सम्बंध में जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि विद्यालयों के द्वारा नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं।

इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने कहा है कि जिले में निजी स्कूलों की मनमानी नहीं चलेगी, निजी विद्यालय अधिक फीस वसूलने के साथ चिन्हित दुकानों से जूते, मोजे, किताबें और यूनिफार्म आदि क्रय करने के लिए बच्चों व अभिभावकों को बाध्य नहीं कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित मानकों की अनदेखी करने वाले विद्यालयों के सम्बंध में डीआईओएस व बीएसए से एक सप्ताह में जांच रपोर्ट मांगी गई हैं, जिसमें अभिभावकों बयान भी दर्ज किये जायेंगे। यदि आरोप सत्य पाये जाते हैं तो सम्बंधित विद्यालयों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। ज्ञातत्व है कि विगत कई दिनों से समाचार पत्रों व विभिन्न माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हो रहीं थीं कि उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 की धारा-1 के अन्तर्गत जनपद में



संचालित निजी/स्ववित्त पोषित विद्यालयों द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि वसूले जाने, पुस्तकों एवं यूनिफार्म की अनिवार्य खरीद कराए जाने तथा कैपिटेशन फीस ली जा रही है, ऐसी शैक्षिक संस्थाओं द्वारा अपने छात्रों से प्रभारित किये जाने वाले शुल्क आदि व्यवस्थाओं/सुविधाओं को विनियमित करने वाली प्रभावी विधि का नियमतः अनुपालन न करने के परिणाम स्वरूप छात्रों एवं उनके संरक्षकों को अनावश्यक वित्तीय भार का सामना करना पडता है, जिससे छात्रों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है, जो लोकहित में नहीं है। जिलाधिकारी ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीआईओएस व बीएसए को निर्देश दिये हैं कि वे ऐसे सभी विद्यालयों के सम्बंध में बिंदुवार जांच करें कि विद्यालयों की शुल्क संरचना के सम्बन्ध में उक्त संदर्भित अधिनियम की धारा-3 (7) व 4 का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं। धारा-3(8) में प्राविधानित है कि प्रत्येक मान्यता प्राप्त विद्यालय यह सुनिश्चित करेगा कि कोई कैपिटेशन शुल्क प्रभारित न किया जाये। विद्यालय द्वारा इसका अनुपालन किया जा रहा है अथवा नहीं। धारा-3 (10) में प्राविधानित है कि किसी छात्र को पुस्तकें, जूते, मोजे व यूनिफार्म आदि किसी विशिष्ट दुकान से कय करने के लिये बाध्य नहीं किया जायेगा। विद्यालयों द्वारा इसका अनुपालन किया जा रहा है अथवा नहीं। धारा-4 (11) में प्राविधानित है कि विद्यालय द्वारा पाँच निरन्तर शैक्षणिक वर्षों के भीतर पोशाक में परिवर्तन नहीं किया जायेगा, यदि परिवर्तन अपेक्षित हो तो इसमें परिवर्तन जनपदीय शुल्क नियामक समिति के पूर्व अनुमोदन से समुचित औचित्य के साथ किया जा सकता है। विद्यालयों द्वारा इस नियम का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं।

### प्राइवेट स्कूल दुकानदारों से महंगी किताबें लेने को मजबूर कर रहे

जिले में निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर पुरानी किताबें बेचने और उपभोक्ता के साथ अनुचित व्यवहार का मामला सामने आया है। इस संबंध में आजादपुरा निवासी विनोद कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। विनोद मिश्रा ने बताया कि उनकी पुत्री जो महाराजा अग्रसेन विद्यालय में कक्षा-1 की छात्रा है, उसे विद्यालय द्वारा निर्धारित कल्पना बुक डिपो से ही पुस्तकें खरीदने के निर्देश दिए गए थे। 1 अप्रैल 2026 को जब वह उक्त दुकान से किताबें लेने पहुंचे, तो दुकानदार ने उन्हें पुरानी (सेकंड हैंड) किताबें दे दीं, जबकि उनसे नई पुस्तकों के बराबर या उससे अधिक मूल्य वसूला गया। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में कई बार दुकानदार से नई किताबें उचित मूल्य पर देने का अनुरोध किया गया, लेकिन न तो किताबें बदली गईं और न ही संतोषजनक जवाब दिया गया। आरोप है कि दुकानदार ने उपभोक्ता के साथ अनुचित व्यवहार भी किया। शिकायतकर्ता ने यह भी उल्लेख किया है कि वह लंबे समय से कमर दर्द से पीड़ित हैं, जिससे बार-बार दुकान के चक्कर लगाना उनके लिए कठिन रहा, इसके बावजूद दुकानदार ने समस्या को नजरअंदाज किया। शिकायत में मामले की जांच कर संबंधित दुकान संचालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने तथा पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की गई है।

---

### युवाओं ने की भागीदारी

# श्री दीपचंद्र चौधरी महाविद्यालय में 5 किमी मैराथन आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर श्रीदीपचन्द्र चौधरी महाविद्यालय द्वारा पांच किलोमीटर मैराथन का भव्य आयोजन किया गया।

यह दौड़ क्षेत्रपाल मंदिर से प्रारंभ होकर महाविद्यालय परिसर तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम अंकुर श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। हरी झंडी मिलते ही प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और पूरे मार्ग में खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। संस्थापक प्रबंधक कमलेश चौधरी ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करती हैं। कार्यक्रम की सफलता में प्रबंधन समिति सदस्य प्रवीण चौधरी, प्रदीप चौधरी एवं प्रणव चौधरी का विशेष योगदान रहा।

प्राचार्य जे.एस. तोमर ने कहा कि खेलकूद जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शिक्षक एवं स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रमुख रूप से प्रो.आदित्य मिश्रा, प्रो.बृजेश पटेरिया, डा.राकेश राजन, प्रो.अभिषेक रावत, इंजी.मनीष रैकवार, एनसीसी पीटीआई अतुल सोनी, इंजी.राहुल चतुर्वेदी, प्रो.रोहित रावत, प्रो.आकाश राय, रवि पटेल, प्रो.नीतू शर्मा, प्रो.प्रीति तिवारी, जया जैन, आरजू जैन एवं भगवान दास शामिल रहे।

---

### चोरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग

# पशुपालकों ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

राजस्थान से आए ऊंट भेड़ बकरी चराने वाले। इन दिनों। चोरों से बेहद परेशान है लगातार उनके पशु चोरी हो रहे है इतना ही नहीं उन पर हमलों की घटनाओं से भी परेशान पशुपालकों ने सोमवार को एकजुट होकर एस डी एम रोहित बम्होरे अनुविभागीय अधिकारी को राष्ट्रीय पशुपालन संघह्व के बैनर तले ज्ञापन सौंप कर सुरक्षा की मांग की है। बड़ी संख्या में पशुपालक पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रहे।




ज्ञापन में बताया गया कि सारंगपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से चोरों के गिरोह सक्रिय हैं, जो 25-30 लोगों के समूह में आकर पशुधन चोरी करने का प्रयास करते हैं। इन घटनाओं से पशुपालकों में भय का माहौल बना हुआ है और उनका जीवन असुरक्षित हो गया है।पशुपालकों का आरोप है कि इस संबंध में स्थानीय थाने में कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो रिपोर्ट दर्ज की जा रही है और न ही कोई ठोस कार्रवाई हो रही है। इससे चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि संदिग्ध गिरोह विशेष रूप से निपानिया क्षेत्र की दिशा से आते हैं, जिसकी जांच की मांग की गई है। पशुपालकों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी शिकायत तत्काल दर्ज कर क्षेत्र में सख्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए। साथ ही चोरों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जल्द से जल्द पकड़ा जाए, ताकि पशुपालकों को सुरक्षा और न्याय मिल सके। ज्ञापन सौंपते समय पशुपालकों ने ह्लचोरों के आतंक से मुक्ति दिलाओह्व जैसे नारे भी लगाए और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई। इस दौरान दरमियान नगा राम देवासी उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पशुपालक,नेमा राम,समेला राम,भूदा राम सहित पशुपाल उपस्थित थे।

---

### अंजनी माता मेला जारी, धर्म मय हुआ वातावरण

# दिन में हरे राम हरे कृष्णा, संध्या को लोकगायन की धूम रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶महरौनी (ललितपुर)

तहसील महरौनी अंतर्गत कुम्हैडी स्थित अंजनी माता मंदिर प्रांगण में चल रहे मेले में धार्मिक आयोजनों से वातावरण धर्ममय बना हुआ है। जहां दिन में हरे राम हरे कृष्णा की गूंज रही तो शाम को धार्मिक लोक गायन से माहौल धर्ममय हो गया।

अंजनी मेला मां अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में हनुमान जयंती पर पूर्णमासी से एक सप्ताह के लिए आयोजित किया जाता है। जिसमें सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत 51 प्रभात फेरी मंडलियों ने ग्राम स्थित बगीचा वाले हनुमानजी मंदिर से धर्म ध्वजा लेकर ग्राम में भ्रमण करते हुए अंजनी दरबार पहुंच कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर भक्तों ने हरे राम, हरे राम, राम, राम, हरे, हरे, हरे कृष्णा, हरे कृष्णा, कृष्णा, कृष्णा, हरे, हरे की संगीतमय धुन गाई। इससे समूचा वातावरण धर्ममय हो गया। एमएलसी प्रतिनिधि, महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल ने प्रभात फेरी मंडलियों की अगवानी



की। कमेटी द्वारा मंडलियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। वहीं सांध्यकालीन बेला में बुंदेली धार्मिक, सांस्कृतिक, लोकगीत एवं लोक गायन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह ने फीता काटकर किया। जिसमें बलराम यादव विनीता कुशवाहा एंड पार्टी खरगापुर, विक्रम सिंह बुंदेला सहगायिका मीना राजपूत एंड पार्टी टीकमगढ़ आदि कलाकारों ने श्री गणेश, माता सरस्वती, अंजनी माता की वंदना करते हुए एक से बढ़कर एक धार्मिक प्रस्तुति दी श्रद्धालुओं ने अंजनी माता के जयकारे लगाते हुए पूरे माहौल को धर्ममय बना दिया। इस दौरान चौकी इंचार्ज अनुज कुमार अवस्थी, टीका सिंह, दिनेश बिदुआ, संतोष निरंजन नेता, मुकेश श्रीवास्तव, संतोष पटेल, धनीराम टिकरया, बलराम निरंजन, प्रमोद सिरोठिया, संजय रावत, ललित किशोर तिवारी, गिन्नी राजा, रामकुमार नायक, नारायन सिंह राजा, नोने राजा, सत्यदेव खरे, संजय मिश्रा, लक्ष्मीनारायन सोनी, संन्तोष कौशिक, प्रकाशनारायन निरंजन, मुन्नालाल निरंजन आदि मौजूद रहे।

---

### जरूरतमंदों को बांटी राहत सामग्री व शिक्षा सामग्री

# जन्मदिन पर मनाया सेवा का पर्व, बच्चों को बांटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶टीकमगढ़

ओरछा निवासी समाजसेवी विनय तिवारी ने अपने जन्मदिन को एक प्रेरणादायक मिसाल में बदलते हुए इसे सेवा के पर्व के रूप में मनाया। केक और पार्टी से अलग हटकर उन्होंने जरूरतमंद बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें राहत और खुशी देने का कार्य किया। इस अवसर पर विनय तिवारी ने स्कूल में 16 सीलिंग फैन वितरित किए, जिससे गर्मी के मौसम में बच्चों को पढ़ाई के दौरान राहत मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को कॉपी, किताबें और पेन भी प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर समय बिताया और उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया। गौरतलब है कि विनय तिवारी हर वर्ष अपने जन्मदिन को समाज सेवा के रूप में मनाने का प्रयास करते हैं। इस वर्ष भी उन्होंने गरीब और जरूरतमंद बच्चों की मदद कर अपनी परंपरा को जारी रखा। उनकी इस पहल से बच्चों के चेहरों पर खुशी



साफ झलकती नजर आई। विनय तिवारी का कहना है कि जन्मदिन जैसे खास अवसर पर यदि किसी के जीवन में खुशी लाई जा सके, तो इससे बड़ा कोई जश्न नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि वे हमेशा प्रयास करते हैं कि अपने जन्मदिन पर ऐसा कार्य करें जिससे समाज को लाभ मिले। बच्चों की शिक्षा में छोटा सा सहयोग देना ही उनके लिए सबसे बड़ी खुशी है। विनय तिवारी की यह पहल समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभर रही है, जो यह संदेश देती है कि खुशियां बांटने से ही बढ़ती हैं।


---

# ई-विवेचना व तकनीकी प्रशिक्षण से धारदार हुई पुलिसिया जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶टीकमगढ़

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में अनुसंधान कार्य को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में ई-विवेचना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल आधुनिक पुलिसिंग को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में 07 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिला मुख्यालय के विवेचना अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान ई-विवेचना प्रणाली से जुड़े विभिन्न



पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे अधिकारियों को डिजिटल माध्यम से अनुसंधान प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया। अधिकारियों को ई-विवेचना पोर्टल पर केस दर्ज करने, साक्ष्य अपलोड करने और केस डायरी तैयार करने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। इस प्रशिक्षण से अधिकारियों की तकनीकी दक्षता में वृद्धि हुई है, जिससे वे अब प्रकरणों का अनुसंधान अधिक त्वरित, सटीक और व्यवस्थित ढंग से कर सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान तकनीक आधारित अनुसंधान के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को डिजिटल साक्ष्यों के संग्रहण और विश्लेषण की बारीकियों से अवगत कराया गया, ताकि न्यायालयीन प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाया जा सके तथा दोष सिद्धि दर में वृद्धि सुनिश्चित हो। उल्लेखनीय है कि निरंतर प्रशिक्षण और तकनीकी उन्नयन के परिणामस्वरूप टीकमगढ़ पुलिस ने सीसीटीएनएस रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान हासिल किया है, जो पुलिस बल की दक्षता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पुलिस विभाग का स्पष्ट लक्ष्य अब प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करना है। इसके लिए नियमित प्रशिक्षण, तकनीकी सुदृढ़ीकरण और ई-विवेचना प्रणाली के व्यापक उपयोग पर विशेष फोकस किया जा रहा है, ताकि पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाया जा सके।

---

### सेवानिवृत पलेरा बीआरसीसी का स्यावनी में भव्य अभिनंदन

# सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी है सम्मान की श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶टीकमगढ़

विकासखंड पलेरा के बीआरसीसी भानुप्रकाश श्रीवास्तव के सेवानिवृत्ति उपरांत सम्मान समारोहों की श्रृंखला लगातार जारी है। इसी क्रम में संकुल केंद्र स्यावनी में उनका भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में सुबह से ही स्यावनी, खरों और नुना जनशिक्षा केंद्रों सहित पूरे विकासखंड के शिक्षकों का जोश देखने को मिला। प्रतिकूल मौसम और तेज तूफान के बावजूद शिक्षक पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में डटे रहे। यहां तक कि टेंट उखड़ने के बाद भी कुछ ही मिनटों में व्यवस्थाएं पुनः सुचारू कर दी गईं, जो कार्यक्रम के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डीपीसी पीआर त्रिपाठी ने



शिरकत की। इसके अलावा एपीसी सुभाष मिश्रा, शैलेष श्रीवास्तव, मनीष शुक्ला, मनोज गुप्ता और सुहाषिनी नायक सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथियो ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद इस तरह के श्रृंखलाबद्ध सम्मान समारोह अपने आप में एक मिसाल हैं। वहीं डीपीसी पीआर त्रिपाठी ने श्रीवास्तव की कार्यशैली और कर्मठता की सराहना करते हुए कहा कि कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान हर जगह होता है, यही कारण है कि उन्हें लगातार सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे सीएसी नितिन शुक्ला ने बताया कि सम्मान समारोहों की यह श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी और अगला आयोजन 10 अप्रैल को सगरवारा में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीवास्तव जैसे कुशल प्रशासक और मार्गदर्शक के साथ काम करना सभी के लिए सीखने का अवसर रहा है।


इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने श्रीवास्तव को शाल-श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से सम्मानित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में महेंद्र कुशवाहा, देवनारायण साहू, राजेंद्र सिंह, फलाहारी महाराज, सियाशरण सहारिया, हरिशंकर अहिरवार सहित सैकड़ों शिक्षक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक बुंदेलखंडी व्यंजन कढ़ी, चावल, बरा, दाल, बाफले, टिक्कड़, भर्ता, सन्नाटा, कैंथ की चटनी और चूरमा के लड्डू विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

---

### खेत में मिला कुचला हुआ शव

# 10 साल की मासूम की संदिग्ध मौत से शहर में फैली सनसनी

**टीकमगढ़।** जिले के पलेरा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक 10 वर्षीय मासूम बच्ची का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बच्ची का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में मिला है, जिसका सिर कुचला हुआ था। प्रारंभिक तौर पर यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। जानकारी के अनुसार पलेरा के वार्ड क्रमांक 3 निवासी पार्वती आदिवासी सोमवार दोपहर से लापता थी। परिजन और ग्रामीणों ने उसे हर संभव स्थान पर तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। मंगलवार रात करीब 600 मीटर दूर एक खेत में उसका शव पड़ा मिला, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए



फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड को भी जांच के लिए बुलाया गया। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। मासूम के साथ हुई इस दर्दनाक घटना से गांव में आक्रोश और शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने पुलिस से दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है।

### रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट पहुंचे शिक्षकों ने नारेबाजी कर ज्ञापन सौंपा

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का प्रदर्शन, घेरा कलेक्ट्रेट




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के खिलाफ देशभर के शिक्षकों की तर्ज पर बुधवार को जिले के शिक्षकों ने लामबंद होकर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इससे पहले शिक्षकों ने शहर में बाइक रैली और बाद में पैदल मार्च भी निकाला

शहर के श्री हजारेश्वर पार्क में एकत्रित हुए शिक्षकों ने टीईटी को लागू करने को शिक्षकीय पेशे को बदनाम करने वाला बताकर इसे रोकने के लिए हर तरह के आंदोलन के लिए तैयार रहने की बात कही। शिक्षक नेताओं ने कहा कि अगर यह तुगलगी फरमान जारी होता है तो देशभर के करीब 20 लाख शिक्षकों की आजीविका पर संकट आ सकता अगर मान लिया जाए कि सभी शिक्षक परीक्षा पास कर लेंगे तो भी इस तरह परीक्षा में बैठाना भी शिक्षकों के साथही राज्य सरकार का भी अपमान है जिसने सभी शिक्षकों को डीएलएड और बीएड परीक्षा दिलाकर नौकरी के लिए सलेक्ट किया है। शिक्षक नेताओं ने केंद्र सरकार से मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के भूतलक्षी प्रभाव (किसी कानून को पिछली तारीख से लागू करना) को खत्म करने के लिए कानून बनाया जाए और पहले से नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी जाए।

### गेट लगाकर कलेक्ट्रेट में प्रवेश से रोका

प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद प्रशासन ने कलेक्ट्रेट के गेट लगाकर प्रदर्शनकारियों को कलेक्ट्रेट के भीतर प्रवेश करने से रोक दिया। श्री हजारेश्वर पार्क से बाईक रैली निकाल कर स्टेडियम तक पहुंचे शिक्षक यहां से पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट तक शांत वातावरण में पहुंचे लेकिन कलैक्ट्रेट के दोनों गेट लगे होने से शिक्षा नाराज हो गए और उन्होंने जमकर नारेबाजी की बाद में कलेक्टर ने पांच लोगों को मिलने की इजाजत है इसके बाद पांच लोग कलेक्टर से मिलने उनके चेंबर में पहुंचे और राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

रैली में मौजूद शिक्षकों ने अपने शिक्षक नेताओं का समर्थन करते हुए कहा कि आज ज्ञापन देकर मांगों को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इसके लिए अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल भी शुरू की जा सकती है जिसके तहत सभी स्कूलों में ताले डाल दिए जाएंगे शिक्षक नेताओं ने कहा कि उन्हें प्रदेश नेतृत्व से संदेश मिले हैं कि अगर आंदोलन अधिक चला तो पूरे प्रदेश के सरकारी स्कूलों में एक साथ तालाबंदी की जाएगी इसके लिए शिक्षकों को पूरी तरह तैयार रहने की जरूरत है। शिक्षक नेताओं ने कहा कि प्रशासन आपको दबाव में लेने के लिए किसी भी तरह के नोटिस जारी कर सकता है लेकिन हम नोटिसों से डरने वाले नहीं है कोई शिक्षक अकेले प्रदर्शन में शामिल नहीं है पूरे प्रदेश के शत प्रतिशत शिक्षक आंदोलन में शामिल है इसलिए सरकार लाखों शिक्षकों के परिवार के खिलाफ कोई कदम उठाएगी इतनी शक्ति सरकार में भी नहीं है।

### आरटीई लागू होने से बड़ी जरूरत

दरअसल, शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून लागू होने के बाद वर्ष 2010 से शिक्षकों की नियुक्ति में टीईटी अनिवार्य किया गया था। जबकि मध्यप्रदेश में टीईटी के स्थान पर डीएलएड और बीएड परीक्षा दिलाकर शिक्षकों को ट्रेंड किया जा चुका है, अन्य राज्यों में भी इसी तरह की ट्रेंड परीक्षा आयोजित कराई गई है। हालांकि, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद आरटीई लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को भी दो वर्षों के अंदर टीईटी पास करना अनिवार्य कर दिया गया है। पर राज्य सरकार की परीक्षा पास होने के बाद भी केंद्र की टीईटी परीक्षा पास करना शिक्षकों के समझ से बाहर है।

### गांव के अंदर बनी सीसी रोड उखड़ी, परेशान हो रहे लोग

# दुबड़ी गांव के पास धंसकी सड़क खुल गई घटिया निर्माण की पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



प्रेमसर क्षेत्र में विजरपुर से गुरनावदा तक बनी सडक पर दुबडी गांव के पास सडक की पुलिया धंसक गई है। इससे एक तरफ जहां घटिया निर्माण की पोल खुलकर सामने आ गई है। वहीं सडक दुर्घटना होने का खतरा भी उत्पन्न हो गया है। इसके अलावा दुबडी गांव के अंदर बनी सीसी रोड की काफी लंबा वक्त बीतने के बाद भी सुध नहीं ली गई है। जिसके चलते सीसी रोड पूरी तरह उखड गई है। जिससे होकर गुजरना लोगो का कष्टदायक साबित हो रहा है। लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार विभागीय अधिकारी बेसुध बने हुए है।

विजरपुर गांव से दुबडी होते हुए गुरनावदा गांव तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत सडक बनी है। दुबडी गांव के पास इस सडक पर बनी पुलिया धंसक गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सडक की यह पुलिया पहले 2021 में आई बाढ के दौरान टूट गई है। जिसके बाद वर्ष 2022 में यहां प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग के द्वारा पुलिया का निर्माण कराया गया। इस दौरान सडक के नीचे पाइप डाला गया। मगर सडक के नीचे बिछाई गई मिट्टी धीरे धीरे करके बह गई और यहां सडक में इतने बडे बडे हो गए कि उनमें आदमी नीचे उतर जाए। ऐसे में यहां हादसो की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रीय लोगो ने इस मामले में जिम्मेदारों से ध्यान देकर जरूरी कार्रवाई करने की मांग की है।

### उखड़ी सीसी से कष्टदायक बना सफर



ग्रामीणों ने बताया कि जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण दुबडी गांव में सडक निर्माण कार्य के तहत बनाई गई सीसी रोड पूरी तरह उखड गई है। जिसके बाद भी जिम्मेदार इसकी सुध नहीं ले रहे है। जिसकारण उखडी सीसी रोड से लोगों का गुजरना कष्टदायक साबित हो रहा है। परेशान बने ग्रामीणों ने धसकी पुलिया के साथही इस उखडी सीसी रोड की भी मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

**इनका कहना है...**

दुबडी गांव के पास बनी सडक की पुलिया घटिया निर्माण होने के चलते धंसक गई है। जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। दुबडी गांव के अंदर बनी सीसी रोड भी पूरी तरह उखड गई है। जिम्मेदार इसकी सुध नहीं ले रहे है। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा दिया है।

**मनोज सुमन**
**भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमसर**

# भगवान भरोसे जिले की स्वास्थ्य सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर





जिले की स्वास्थ्य सेवा सुधारे जाने के लिए नेता और प्रशासन भले ही कितने बड़े-बड़े दावे करते रहे लेकिन हालात यह है कि आज भी जिले की स्वास्थ्य सेवा भगवान भरोसे है इसकी बानगी बुधवार को तब देखने को मिली जब कराहल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर कर जिला अस्पताल भेजे गए एक 12 साल की बालिका को उसके पिता गोदी में उठाएं और मां ड्रिप को एक हाथ से थामे दिखाई दी जिससे ड्रिप में उलटे खून भर जाने से बालिका की जान खतरे में आ गई बालिका को देरी इसलिए हो रही थी कि जो एंबुलेंस वाला उसे रेफर कराकर लाया था उसे ओपीडी में पर्चा बनवाने में देरी हो रही थी बाद में अपने पिता का इलाज कराने पहुंचे एजाज मोहम्मद नामक युवक ने पिता को वहीं बैठाकर उक्त बोतल को अपने हाथ में लेकर ऊंचा उठाया था कि रक्त वापस नसों में चला जाए और बच्ची को तत्काल इलाज़ मिले इसके लिए उसे बच्चा वार्ड में ले गया लेकिन वहां भी कोई स्टाफ नहीं मिला। पहले अटेंडर बालिका को संभालने वाला नहीं मिला बाद में इलाज करने वाले डॉक्टर अथवा स्टाफ नहीं दिखा। एजाज मोहम्मद उसे एक बेड पर लेटाकर बोतल को स्टैंड में लगाकर चला गया।

# सिलाई प्रशिक्षण के प्रशिणार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान श्योपुर के माध्यम से जिला जेल श्योपुर में बंदियों के लिए आयोजित 80 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण के प्रशिणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। जिला जेल में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक प्रभात कुमार, आयुष्मा्न समन्वयक धर्मसिंह मीणा, संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी राजेश मीणा आदि उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक अजय सक्सेना ने बताया कि प्रशिक्षक कलमेश बरवारे द्वारा 80 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान करने वाले 20 बंदियों को सर्टिफिकेट प्रदाय किये गये।

### 12.08 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

श्योपुर। श्योपुर जिले में 08 अप्रैल को 12.08 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 08 अप्रैल को श्योपुर में 17 बडौदा में 6, कराहल में 19.40, विजयपुर में 16 एवं वीरपुर में 2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 1689.02 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 1340.96 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

### तहसीलदार के निर्देश पर कार्रवाई, पुलिस की मौजूदगी में हटा अतिक्रमण

# सरकारी घोषित ज़मीन पर चला बुलडोजर खाली कराकर नगरपालिका के सुपुर्द की




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

बुधवार को किला रोड पर बगवाज ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली जमीन जिसे एडीएम रूपेश उपाध्याय के न्यायालय ने कुछ समय पूर्व सरकारी घोषित किया था को आज तहसीलदार मनीषा मिश्रा के निर्देश पर राजस्व विभाग ने खाली करा कर नगर पालिका के सुपुर्द कर दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद अतिक्रामक के पत्थर की बाउंड्री ओर पक्के गेट निर्माण को बुलडोजर से तोड़कर कर जमींदोज कर दिया गया।

तहसीलदार मनीषा मिश्रा द्वारा जारी किए गए अतिक्रमण हटाने के आदेश में उल्लेख किया गया है कि श्योपुर की भूमि सर्वे नं 1417 रकबा 0.052 है. भूमि अपर कलेक्टर के प्रकरण क्रमांक 0093/निगरानी/2024-25 आदेश दिनांक 20-11-2025 से शासकीय घोषित की गई है। तथा मोके पर वास्तविक कब्जा लेकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देश के पालन में मौके पर जांच की गई। जिसमें मौके पर कस्बा श्योपुर की भूमि सर्वे नं 1417 रकबा 0.052 हे. भूमि वर्तमान में अनवर वेग पुत्र रसूल वेग जाति मुसलमान निवासी वार्ड नं 01 श्योपुर द्वारा पत्थरो की बाउण्ड्री करके तथा गेट लगाकर अवैध रूप से अतिक्रमण किया हुआ है। उपरोक्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर अनावेदक पक्ष को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। कारण बताओ सूचना पत्र तामील उपरांत अनावेदक/अतिक्रामक की ओर से अभिभाषक गजानंद राठौर उपस्थित होकर जवाब हेतु समय चाहा गया। समयवधि देने उपरांत अनावेदक/अतिक्रामक की ओर अभिभाषक राठौर द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसलिए भूमि से अतिक्रमण हटाकर नगरपालिका के सुपुर्द किया जाए। तहसीलदार के आदेश का पालन कई पटवारियों ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से अतिक्रमण हटाकर कर दिया और भूमि नगरपालिका के सुपुर्द कर दी।

**इनका कहना है**

तहसीलदार के आदेश पर आज किला रोड पर स्थित सरकारी घोषित की गई भूमि से अतिक्रमण हटाकर भूमि को नगर पालिका के सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

**पुरुषोत्तम राठौर**
**हल्का पटवारी श्योपुर**

जिस भूमि से राजस्व विभाग ने अतिक्रमण हटाया है उसे नगर पालिका ने अपने पजेशन में ले लिया है अब उक्त जमीन पर क्या बनाया जाएगा संबंध में परिषद निर्णय लेंगी।

**पवन गर्ग**
**उपयंत्री नगरपालिका श्योपुर**

प्रशासन की कार्रवाई एक तरफा है मामला कमिश्नर न्यायालय में प्रचलित है इसकी प्रति हमने तहसील न्यायालय में दर्ज भी करा दी थी लेकिन उस पर विचार किए बिना मेरा कब्जा मेरे स्वामित्व ओर अधिपत्य वाली भूमि से हटाया गया है। तहसीलदार द्वारा वरिष्ठ न्यायालय अवमानना की है में इसे कमिश्नर न्यायालय में लेकर जाऊंगा।

**अनवर बेग**
**बेदखल किया गया अतिक्रमणकारी**

### बिजली कंपनी ने स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाने शुरू की कार्रवाई

# बंद पडी स्ट्रीट लाइटें अब होगी चालू, जल्द दूर होगा नेशनल हाईवे 552 पर पसरा अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले से होकर गुजरे नेशनल हाईवे 552 पर अब रात्रि के दौरान अंधेरा नहीं रहेगा। क्योंकि बंद पडी नेशनल हाइवे की स्ट्रीट लाइटे अब जल्द ही चालू हो जाएगी। हरिभूमि द्वारा इस मामले को उठाए जाने के बाद बिजली कंपनी की ओर से हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइटों को चालू कराए जाने संबंधी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। स्ट्रीट लाइटों के चालू हो जाने से इस हाईवे पर रात्रि के दौरान पसरा रहने वाला अंधेरा दूर हो जाएगा। जिससे इस हाईवे पर बना एक्सीडेंट होने का खतरा कम हो जाएगा।

यहां बताना होगा कि चंबल नदी के पाली पुल से लेकर सबलगढ तक तीन चरणों में बनकर तैयार होने वाले टोंक चिरगांव नेशनल हाइवे 552 के पहले चरण का काम कंपलीट हो गया है। जिसके चलते चंबल नदी के पाली पुल से लेकर गोरस तक नेशनल हाईवे बनकर गया है। इस हाईवे पर रात्रि के दौरान सडक दुर्घटना न हो, इसके लिए सडक निर्माण करने वाली कंपनी के द्वारा नेशनल हाईवे के प्रमुख तिराहो और चौराहो पर स्ट्रीट लाइटे लगाई गई है। कुछ जगह सौर उर्जा से चलने वाली लाइट लगाई गई है। जबकि कुछ जगह ऐसी स्ट्रीट लाइटे भी लगाई गई है, जो बिजली सप्लाई चालू होने पर नेशनल हाइवे को दूधिया रोशनी से जगमग करेगी। इसके लिए सडक निर्माण करने वाली कंपनी के द्वारा विधिवत बिजली कनेक्शन भी ले लिया गया। मगर इसके बाद भी बिजली कंपनी के द्वारा न तो मीटर लगाया गया और न ही स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाया गया।



### स्ट्रीट लाइटो के बंद होने से बना था हादसों का खतरा

बिजली सप्लाई चालू न किए जाने की वजह से तीन स्थानों सोंईकलां, रायपुरा में बर्धा तिराहे के पास तथा कलमी गांव के पास लगी स्ट्रीट लाइटे रात्रि के दौरान बंद ही बनी रहती है। जिसकारण यहां नेशनल हाईवे पर रात्रि के दौरान हादसा घटित होने का खतरा बना रहता है। इसलिए इस हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालक भी रात्रि के दौरान हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाए जाने की मांग उठा रहे है।

### हरिभूमि ने उठाया था मामला

नेशनल हाईवे पर स्ट्रीट लाइटों के लगे होने के बाद भी रात्रि के दौरान अंधेरा पसरे रहने के मामले को हरिभूमि ने उठाते हुए 5 अप्रैल के अंक में नेशनल हाईवे 552 पर कई जगह लगी स्ट्रीट लाइटे बनी शोपीश, एक्सीडेंट का खतरा शीर्षक से एक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया। समाचार प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभागीय अधिकारी हरकत में आए और नेशनल हाइवे पर बंद पडी स्ट्रीट लाइटों को चालू कराए जाने संबंधी कार्रवाई शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों की माने तो बिजली कंपनी की टीम हाइवे की स्ट्रीट लाइटों को चालू कराने में जुट गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही बंद पडी स्ट्रीट लाइटे चालू हो जाएगी।


एनएच के अधिकारी बोले राशि जमा करने के बाद भी नहीं लग पाए बिजली मीटर
नेशनल हाईवे 552 पर कई जगह लगी स्ट्रीट लाइटें बनी शोपीश, एक्सीडेंट का खतरा
तो फिर कहां अटक गई बिजली
इनका कहना है...
यहां लगी स्ट्रीट लाइटें बंद रहती

**इनका कहना...**

नेशनल हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइटों के कनेक्शन और राशि जमा होने संबंधी जानकारी लेने के बाद स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाए जाने के लिए संबंधित डीजीएम को निर्देशित कर दिया है।

**एलएन पाटीदार**
**जीएम बिजली कंपनी श्योपुर**

# जल सरंक्षण विषय पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शासकीय सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकलां प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 8 ए की छात्रा राधिका प्रजापति प्रथम रही, इसी प्रकार उक्त प्रतियोगिता में कक्षा 7ए की छात्रा श्रेया जाट को द्वितीय तथा कक्षा 8ए की छात्रा यविका जाट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नोडल अधिकारी आदित्य चौहान ने बताया कि जल संरक्षण विषय पर आयोजित चित्रकलां प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा गुरूवार को की जायेगी। गुरूवार 9 अप्रैल को जल संरक्षण विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को नगरपालिका श्योपुर की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य अशोक खंडेलवाल, शिक्षकगण बिठ्ठल कुमार, बनवारी लाल, डॉ सुनील चौधरी आदि मौजूद रहें

### शहर में रैली निकालकर बंजारा दिवस मनाया



श्योपुर। शहर में बुधवार को विश्व बंजारा दिवस पर एक रैली निकाली गई। बंजारा समाज श्योपुर द्वारा निकाली गई यह रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गुजरी,जिसका समापन बंजारा डैम पर किया गया। रैली के दौरान विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार बंजारा सहित बडी संख्या में बंजारा समाज के लोग मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### नपाध्यक्ष ने नगर के प्रमुख चार स्थानों पर प्याऊ का किया शुभारंभ

**बीना।** नगर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नपाध्यक्ष ने नगर के आंबेडकर तिराहा, सर्वोदय चौक एवं गांधी तिराहा सहित अन्य स्थानों पर प्याऊ (शीतल पेयजल) का उद्घाटन किया। नपाध्यक्ष की इस पहल से राहगीरों एवं आमजन को भीषण गर्मी में ठंडा पेयजल आसानी से उपलब्ध होगा। इस दौरान नपाध्यक्ष लता सकवार ने स्वयं भी प्याऊ पर शीतल जल पिया और नपा कर्मियों की निर्देशित किया कि गर्मी के सीजन में राहगीरों एवं आमजन को किसी भी प्रकार की समस्या न हो और उन्हें इस तरह शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर पालिका के माध्यम से हम आमजन की सुविधाओं के लिए निरंतर एवं प्राथमिकता के साथ प्रयासरत है। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैया, सभापति जितेन्द्र बोहरे, सभापति संतोष राय, सभापति मधुलिका यादव, सभापति प्रतिनिधि कैलाश कुशवाहा, सभापति प्रतिनिधि नवीन साहू, पार्षद प्रतिनिधि हरिओम चौबे, एल्डरमैन पवन गुलाटी, आकाश यादव, नपा अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### जहरीले पदार्थ का सेवन करने से महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम म्यापुर निवासी बुलबुल पुत्री विजय रघुवंशी उम्र 20 साल ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

## राजस्व की हानि को लेकर जिला आबकारी अधिकारी पर निलंबन की कार्वाई

# जिले में शराब दुकान नीलामी प्रक्रिया अब भी आधा दर्जन दुकानें बची हैं शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिले में आवकारी दुकानों की नीलामी को लेकर चल रही प्रक्रिया से विभाग को अब तक लाखों की हानि हो चुकी है जिसके बाद भी अभी तक 6 दुकानों की नीलामी नहीं हो सकी है। इन दुकानों की नीलामी में अनियमित्ता और लापरवाही को लेकर आवकारी आयुक्त ने जिले के आवकारी अधिकारी गुरूप्रसाद केवट के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की है। आवकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने अपने आदेश में कहा है कि दुकानों के निष्पादन में शासकीय राजस्व हित में तत्परतापूर्वक कार्यवाही नहीं की गई जिससे निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो सकी है। जिसके बाद उन्हें, उपायुक्त कार्यालय आवकारी ग्वालियर में पदस्थ किये जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

अशोकनगर जिले के आवकारी अधिकारी गुरूप्रसाद केवट पर गुना के आवकारी अधिकारी का प्रभार भी चल रहा था, अशोकनगर जिले में देशी विदेशी मदिरा की कम्पोजिट 33 दुकानों को लेकर नीलामी होना थी। इन दुकानों की नीलामी में से 15 दुकानों की नीलामी हो चुकी थी, 18 दुकानों की नीलामी और होना थी ,जिसमें से 12 दुकानों की नीलामी के अवार्ड 6 अप्रेल को जारी किए गए थे, 7 अप्रेल से यह दुकानें खुलना थीं, यह दुकानें अब प्रारंभ हो रही हैं। इन दुकानों का ठेका पीयूष राय निवासी झांसी द्वारा लिया गया है, अब 6 दुकानों के 15वे चरण में नीलामी की जाना है।

### विभाग को कई दुकानों से निर्धारित मूल्य से कम राजस्व मिला

जिला आवकारी प्रभारी अधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि अशोकनगर गुरप के अंतर्गत 5 दुकानों में अशोकनगर 1, अशोकनगर 2, मोहरी राय, बस स्टेण्ड और इमला की दुकानों का ठेका 51 करोड 35 लाख 75 हजार 299 रूपए में गया है। विभाग की ओर से 64 करोड 98 लाख 8 हजार 888 रूपए में जाने की दर तय की गई थी जिसमें विभाग को 5.86 प्रतिशत राजस्व कम मिला है, लेकिन पिछले वर्ष से 18.73 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार ईसागढ समूह के अंतर्गत आने वाली दुकानों में ईसागढ 1 , ईसागढ 2, कदवाया, ढाकोनी और पारसौल की दुकानों की नीलामी 17 करोड 36 लाख 50 हजार रूपए में हुई है, जो पिछले वर्ष से 26 प्रतिशत ज्यादा है। विभाग द्वारा इन दुकानों की नीलामी का लक्ष्य 19 करोड 22 लाख 11 हजार 111 रूपए का तय किया गया था, जिससे 9 प्रतिशत राशि का राजस्व कम मिला है। इसी प्रकार शाढ़ौरा की दुकान के लिए 9 करोड 7 लाख 50 हजार की नीलामी हुई है यहां पिछले साल की तुलना में 15.21 प्रतिशत अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है, जबकि लक्ष्य से 18 प्रतिशत कम है, यहा लक्ष्य 11 करोड 9 लाख 20 हजार 231 रूपए तय किया गया था। इसी प्रकार नईसरायं की दुकान की नीलामी 8 करोड 29 लाख रूपए में की गई है, जिसके लिए 10 करोड 35 लाख 44 हजार 512 रूपए की राशि निर्धारित की गई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 12 प्रतिशत राशि अधिक मिली है और लक्ष्य से 19 प्रतिशत राशि कम आई है।

### 6 दुकानों पर 15वें चरण में भी नहीं हो पाई नीलामी

अब जिले में 6 दुकानें अभी भी नीलामी के लिए शेष हैं जिनमें चन्देरी 1, मुंगावली 1, प्राणपुर, राजघाट, झीला और महिदपुर की दुकानें शामिल हैं। इन दुकानों में से 5 दुकानों के लिए 39 प्रतिशत कम राशि का टेंडर आया है,विभाग द्वारा माइनस 30 प्रतिशत देने का निणर्य लिया गया है इस कारण यह सभी 6 दुकानें होल्ड पर हैं। 15वां चरण आज पूरा हो गया है, शासन ने माइनस 30 प्रतिशत पर स्वीकृति देने का निर्णय लिया है। इन दुकानों को लेकर नीलामी का इंतजार है। 1 अप्रेल से सौंपा जाना थी दुकानें, 7 अप्रेल को सौंपी गई, विवाद आ सकता है

दुकानों की नीलामी को लेकर मुंगावली क्रमांक 1, चन्देरी क्रमांक 1, प्राणपुर और राजघाट के लिए नईं आवकारी नीति के अंतर्गत नीलामी की जाना है। ई टेंडर के माध्यम से मदिरा दुकान का निष्पादन केवल एकल दुकानों के लिए किया जाएगा, जिसमें 15वे चरण में आरक्षित मूल्य से 70 प्रतिशत से कम का ऑफर न किया जाए, 14वें चरण में मदिरा दुकान के लिए आरक्षित मूल्य से 70 प्रतिशत के मूल्य के और उससे अधिक प्रतिशत के प्रक्रिया में हैं। जिले में जिन दुकानों का अवार्ड 6 अप्रेल को हुआ है उन दुकानों से देशी विदेशी मदिरा का विक्रय पिछले 6 दिनों से नहीं हो पाया है। अब विभाग ठेकेदारों से 1 अप्रेल की निर्धारित तिथि से ही राशि मांग रहा है जबकि ठेकेदार जिस तारीख को अवार्ड हुआ है उसी तारीख से राशि देने की बात कर रहे हैं।

### 6 दुकानों की नीलामी न होने से आबकारी विभाग कर रहा है शराब का विक्रय

अशोकनगर जिले की जिन 6 दुकानों की अब तक नीलामी नहीं हुई है उन दुकानों पर कब तक नीलामी की प्रक्रिया चलेगी यह कह पाना कठिन है जिसके चलते शासन को राजस्व की हानि हो रही है। इन दुकानों पर कोई ठेकेदार नहीं होने के कारण अब विभाग के अधिकारियों ने स्वयं देशी विदेशी मदिरा विक्रय करने का निर्णय लिया है जिसमें चंदेरी 1, मुंगावली 1, प्राणपुर, राजघाट,झीला, महिदपुर में विभाग के अधिकारी और कर्मचारी स्वयं शराब का विक्रय कर रहे हैं। जिला प्रभारी आबकारी अधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि 6 दुकानों पर शासन स्तर पर संचालन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसमें संजय सिंह वर्मा एडीओ द्वारा चन्देरी क्षेत्र में और सुरेश रघुवंशी द्वारा मुंगावली क्षेत्र में दुकानों का विभाग के कर्मचारियों से संचालन कराया जा रहा है।



### 2016 में भी बहादुरपुर क्षेत्र में आबकारी विभाग ने किया था शराब का विक्रय

ज्ञात हो कि वर्ष 2016 में भी ऐसी ही स्थिति बहादुरपुर क्षेत्र की दुकानों में बनी थी, जहां विभाग को स्वयं शराब की दुकानें संचालित करना पड़ी थीं, ऐसी ही स्थिति अब 10 साल बाद 2026 में बनी हैं। नई आबकारी नीति शासन ने बनाई जरूर लेकिन उस नीति को लेकर पर्याप्त समय नहीं दिया गया जिसके कारण यह पूरी निष्पादन की प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो पाई है। देखना है कि 6 दुकानों पर विभाग ही शराब का विक्रय करेगा या फिर ई टेंडर के माध्यम से ठेकेदारों को व्यवस्था सौंपी जाएगी। 6 दुकानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में अब अन्य दुकानों के ठेकेदारों द्वारा पर्दे के पीछे से शराब का विक्रय किया जा रहा है, जिससे शासन को अब तक लाखों रूपए के राजस्व की हानि हो चुकी है।

## जिले के मौसम में फिर से आया परिवर्तन, आकाश में बादल छाए



**अशोकनगर।** एक बार फिर मध्यप्रदेश में हो रहे मौसम परिवर्तन के चलते जिले में भी मैं भी मौसम का असर देखने मिल रहा है। शहर के आकाश पर बादल छाए हैं और पंखों की हवा ठंडी लगने लगी है। मौसम की स्थिति बदलने के कारण लोगों को बीमारियों का भी सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में मौसमी बीमारियों के साथ बुखार के रोगी भी बढ़ गए हैं मौसम का असर व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है।

अप्रैल के महीने में लगातार मौसम बदलता आ रहा है जिसके कारण बदलाव का संकेत अभी से मिल रहा है जबकि ग्रीष्म काल के मौसम में अप्रैल का महीना सबसे गर्मी भरा होता है। अप्रैल के महीने में ही मौसम के बिगड़ने के कारण आम जन परेशान है किसान भी परेशान है उन्हें मंडियों में माल लाने से पहले ढक्कर लाना पड़ रहा है, कहीं ऐसा न हो की मौसम बदल जाए और उनका माल गीला हो जाए। जिले में 15 अप्रैल से गेहूं की खरीदी शुरू होना है उससे पहले जरूरी है कि खरीदी केद्रों पर खरीदे जाने वाले माल को बचाने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए जाएं ताकि माल गीला न हो सके। बड़े पैमाने पर इस बार गेहूं का उत्पादन होने की संभावना जताई जा रही है उससे लगता है कि इस बार अगर मंडियो में दाम अधिक मिले तो किसान खरीदी क्रेरदों की ओर कम जा सकते हैं और अगर खरीदी केद्रों पर मंडी के बराबर दाम रहे तो किसान खरीदी केद्रों की जगह मंडी में ही माल बेचना पसंद करते हैं।

अशोकनगर जिले में गेहूं बड़ी फसल के रूप में सामने आता है जिसमें मिल क्वालिटी का गेहूं खरीदी केद्रों में खरीदा जाता है यहां मिल क्वालिटी के अलावा 1544 और शरबती गेहूं भी आता है लेकिन मिल क्वालिटी का गेहूं ही खरीदी केद्रों पर जाता है। इस बार मंडी में मिल क्वालिटी गेहूं के दाम भी अधिक रहने की संभावना है इस कारण किसान मंडियों में अपने माल को लाने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन मौसम का मिजाज किसानों में चिंता की लकीरें पैदा कर रहा है यही समय मंडियों का रहता है यही समय व्यापारियों के काम धंधे का रहता है और इसी समय पर शादी विवाह की शुरुआत होती है। 15 अप्रैल से विवाह की श्रृंखला शुरू हो रही है ऐसी स्थिति में एक महीने तक यह विवाह 15 मई तक चलेंगे। ऐसी स्थिति में मौसम का असर इन शादी विवाहों पर भी पड़ सकता है। इसलिए शादी विवाह वाले परिवारों में भी चिंता का विषय है कि कहीं मौसम में बदलाव न हो जाए। मौसम की दृष्टि से जाने तो यह सही भी है कि जितनी गर्मी पड़ेगी उतनी वर्षा होगी इसलिए गर्मी पड़ना भी आवश्यक है, देखना है कि आने वाले दिनों में कैसा मौसम रहता है।

## जैन भवन में विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने बुनकर भाइयों से आत्मीय की मुलाकात

**अशोकनगर।** मंगलवार अशोकनगर स्थित जैन भवन में विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने बुनकर भाइयों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बुनकर समुदाय के कार्यों का अवलोकन किया तथा उनकी आजीविका से जुड़ी समस्याओं एवं विभिन्न सामाजिक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। विधायक ने कहा कि बुनकर भाई हमारी पारंपरिक कला, कौशल और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण वाहक हैं। उनके उत्थान, सशक्तिकरण एवं आर्थिक विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बुनकरों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने का भी आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान उपस्थित वरिष्ठजनों एवं बुनकर भाइयों ने विधायक का स्वागत करते हुए अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। विधायक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए वे निरंतर कार्यरत रहेंगे।



## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रासेयो एवं रेड रिबन क्लब ने स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासकीय महाविद्यालय सेहराई की रासेयो इकाई एवं रेड रिबन के संयुक्त तत्वाधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेहराई के महाविद्यालय के स्टॉफ एवं समस्त विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें विशेष रूप से भारत सरकार का महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 100 दिवसीय कार्यक्रम अंतर्गत टी बी उन्मूलन हेतु किए जा रही गतिविधियों की जानकारी देते दी गई।

जिला क्षय अधिकारी डॉ अशोक शाक्य द्वारा विस्तृत रूप से बताया कि टी बी या तपेदिक या क्षय रोग बेहद संक्रामक है जिसे पूर्ण उपचार एवं उच्च प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार के साथ साथ समुदाय के सभी वर्ग के लोगों के सक्रिय जन भागीदारी से ही खत्म करना संभव है। सभी को संकल्पित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि इस अभियान में टी बी मुक्त भारत बनाने हेतु लोगों को जागरूक कर उन्हें नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं आधुनिक मशीन द्वारा जांच कराने हेतु प्रेरित करें। आगे डॉ शाक्य द्वारा बताया गया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुरुआत विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना से हुई। इस संगठन की आधिकारिक स्थापना 7 अप्रैल, 1948 को वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने और विश्व स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई थी। स्वस्थ समाज के लिए व्यायाम, पूरी नींद और नशामुक्ति है जरूरी है।

इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026, जो 7 अप्रैल को मनाया गया, दुनिया भर के लोगों को विज्ञान का समर्थन करने और उस पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। ष्स्वास्थ्य के लिए एकजुट। विज्ञान के साथ खड़े रहेंष् की थीम के साथ, इस वर्ष का उत्सव एक साल भर चलने वाले अभियान की शुरुआत का प्रतीक है जो इस बात पर प्रकाश डालता है कि वैज्ञानिक सहयोग किस प्रकार मनुष्यों, जानवरों, पौधों और पर्यावरण के स्वास्थ्य की रक्षा करने में मदद करता है। प्राचार्य एवं रासेयो जिला संगठक डॉ अतुल गुप्ता के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंजू सिहारे ने बताया कि शिविर में 34 हितग्राहियों का परीक्षण किया गया। शिविर में वजन, ब्लड प्रेशर, शुगर और बीएमआई की जांच की गई । रेड रिबन क्लब प्रभारी रविन्द्र कुमार रीतोरिया ने कहा कि सोशल मीडिया की भ्रामक जानकारियों से बचने और सही इलाज अपनाने की आवश्यकता है।



## सोगरिया-धनबाद के बीच 13 ट्रिप विशेष एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन

**अशोकनगर।** यात्रियों की ग्रीष्मकालीन अवकाश में बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा भोपाल मंडल होकर सोगरिया धनबाद सोगरिया के मध्य ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि गाड़ी संख्या 09821 (सोगरिया-धनबाद) 16 अप्रेल से 9 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को 13 फेरों में सोगरिया से रात्रि 23.10 बजे प्रस्थान कर गुना 02.20 बजे एवं अशोकनगर 03.05 बजे आगमन कर तीसरे दिन शनिवार को रात्रि 03.45 बजे धनबाद जंक्शन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09822 (धनबाद- सोगरिया) 18 अप्रेल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को 13 फेरों में धनबाद जंक्शन से 05.15 बजे प्रस्थान कर दुसरे दिन रविवार को अशोकनगर 02.00 बजे एवं गुना 03.35 बजे आगमन कर प्रातः 07.35 बजे सोगरिया पहुँचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में सोगरिया, बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रुठियाई जंक्शन, गुना, अशोक नगर, सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जंक्शन, कोडरमा, पारसनाथ, एनएससी बोस जंक्शन गोमो स्टेशनों पर ठहराव रहेगा।

> **गुना एवं अशोकनगर स्टेशनों से होकर गुजरेगी**

### पहले बस को बनाया निशाना, फिर पुलिस की गाड़ी पर बरसाए पत्थर

## शराबियों का आतंक, नशेड़ियों ने डायल-112 पर किया पथराव, फोड़ दिए कांच

**अशोकनगर।** चंदेरी नगर के वार्ड क्रमांक 20 और 21 में पिछले कई वर्षों से फल-फूल रहा अवैध कच्ची शराब का काला कारोबार अब आम जनमानस के साथ-साथ पुलिस के लिए भी जी का जंजाल बन गया है। सोमवार देर रात शराब के नशे में धुत असामाजिक तत्वों ने सारी सीमाएं लांघते हुए पुलिस की डायल 112 पर पथराव कर दिया, जिससे गाड़ी का सामने वाला कांच (विंड शील्ड) चकनाचूर हो गया।

### विजय ढाबे पर हुआ खूनी संघर्ष

जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब 10 से 11 बजे के बीच विजय ढाबा पर शराबियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। नशा इस कदर हावी था कि शराबी आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि इन उपद्रवियों ने पहले एक बस के शीशे तोड़े। जब मामले की सूचना पुलिस को दी गई और डायल 112 मौके पर पहुंची, तो बेखौफ शराबियों ने पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया।

### सियासी संरक्षण और आबकारी की सुस्ती

स्थानीय सूत्रों का दावा है कि फतेहाबाद के गली-मोहल्लों में बिक रही इस कच्ची शराब को किसी सफेदपोश बाहुबली का संरक्षण प्राप्त है। यह तथाकथित नेता पुलिस और प्रशासन से निपटने का ठेका लिए हुए है, जिसके चलते आबकारी विभाग और जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। सस्ते नशे के लालच में आसपास के लोग यहाँ खिंचे चले आते हैं और फिर सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाते हैं।



### पर्यटकों की सुरक्षा पर मंडराता खतरा

फतेहाबाद क्षेत्र ऐतिहासिक कुशक महल के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ बड़ी संख्या में विदेशी और स्थानीय पर्यटक आते हैं। यदि प्रशासन ने इन अवैध शराब ठिकानों पर कठोर लगाम नहीं लगाई, तो आने वाले समय में पर्यटकों के साथ बदसलूकी या उनकी गाड़ियों पर हमले की बड़ी घटना घट सकती है। जब अपराधी पुलिस की गाड़ी को निशाना बनाने से नहीं चूक रहे, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा? क्या प्रशासन इस शराब माफिया और उनके राजनीतिक आकाओं पर शिकंजा कस पाएगा।

## शाढौरा प्लेटफार्म पर नहीं है शौचालय रेलवे कर्मचारी और यात्री परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढौरा

रेलवे स्टेशन पर व्यवस्था के नाम पर हमेशा करोड़ो रूपये खर्च किए जाते हैं, रेल यात्रियों की समस्याएं जस की तस है। शौचालय के अभाव में रेल यात्री और रेल कर्मियों को भारी दिक्कत हो रही है। परेशानी का सामना करना पड़ रहा है मांग करने के बाद भी बावजूद भी रेल यात्रियों और रेल कर्मियों के लिए शौचालय का निर्माण नही कराया जा रहा है। शौचालय के अभाव में रेल यात्री और रेल कर्मियों को भारी दिक्कत हो रही है। सबसे ज्यादा तो महिला यात्रियों को परेशानी होती है।

प्लेटफार्म नंबर एक व दो पर शौचालयों की सुविधा प्लेटफॉर्म न होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिससे खास कर महिला यात्रियों को परेशानी होती है। ऐसे में स्टेशन मास्टर को कितना दिक्कत होता होगा ,यह अंदाजा लगाया जा सकता है।

### मप्र शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा, विधायक व पूर्व विधायक को सौंपा ज्ञापन

# टीईटी के नए नियम के खिलाफ अब आर-पार की जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, जिला अशोकनगर ब्लॉक अशोकनगर ने शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी के विरुद्ध प्रभावित शिक्षकों के हितार्थ, भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन से सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से राहत हेतु अध्यादेश अथवा पुनर्विचार याचिका हेतु म.प्र शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर अशोकनगर में संघ ने सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय को प्रदेश के हजारों शिक्षकों के भविष्य के लिए गंभीर संकट बताते हुए विधायक को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विधायी हस्तक्षेप की मांग की है।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ अशोकनगर के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र अरोरा के नेतृत्व में आज अशोकनगर में विधायक हरि बाबू राय को ज्ञापन दिया गया गया। विधायक राय ने शिक्षकों से कहा कि में आपके साथ हूँ। इसके बाद सभी शिक्षक पूर्व विधायक जजपाल सिंह को ज्ञापन देने के लिए सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे।

#### संघ की प्रमुख मांगें

- पुनर्विचार याचिका राज्य शासन और स्कूल शिक्षा विभाग सर्वोच्च न्यायालय में निर्णय के विरुद्ध तत्काल पुनर्विचार याचिका दायर करे।
- केंद्र सरकार के माध्यम से लोकसभा एवं राज्यसभा में संशोधन विधेयक लाया जाए ताकि पुराने शिक्षकों के हितों का विधिक संरक्षण हो सके।
- मध्यप्रदेश में टीईटी की बाध्यता की प्रभावी तिथि 26 मार्च 2011 है, इसे आधार मानकर पूर्व नियुक्त शिक्षकों को छूट दी जाए।

पूर्व विधायक की अनुपस्थिति में कार्यालय प्रभारी विष्णु शर्मा, धर्मेंद्र रघुवंशी और भाजपा नेता लखन रघुवंशी को ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेताओं ने कहा कि सरकार शिक्षकों के सम्मान को ठेस नहीं पहुंचाएगी। हम मुख्यमंत्री से मिलकर इस प्रकरण में आपके सहयोग हेतु अनुरोध करेंगे।



जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता जितनी आवश्यक है, उतना ही आवश्यक उन शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करना है, यदि समय रहते प्रदेश और केंद्र सरकार शिक्षकों की मांगों का निराकरण नहीं करती हैं तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन के इस कार्यक्रम में महेशप्रसाद भार्गव, शांतिलाल परिहार, सुनील शर्मा,आशा रघुवंशी, सीमा शर्मा, रानी तिवारी, शांति चैबे,वर्षा पंडाग्रे,सहित सैंकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

#### क्या है पूरा विवाद

ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने सर्वोच्च न्यायालय के सिविल अपील संख्या 1385/2025 के निर्णय पर निम्नलिखित चिंताएं जताई हैं

- कोर्ट के नए निर्णय के अनुसार, कक्षा 1 से 8 तक कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए नियुक्ति तिथि चाहे जो भी हो, ज्म्ज उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है।
- टीईटी एक्ट 2009 और एनसीटीई की 2010 की अधिसूचना के अनुसार, वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को अर्हताप्राप्त और छूट प्राप्त की श्रेणी में रखा गया था। नया निर्णय इस विधिक अंतर को नजरअंदाज करता है।
- इस निर्णय से मध्य प्रदेश के लगभग 70 हजार और देशभर के करीब 25 लाख शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, आजीविका और पदोन्नति पर तलवार लटक गई है।